ढ़ोली कोठी प्रक्षेत्र
निदेशालय बीज एवं प्रक्षेत्र ढोली, मुजफ्फरपुर
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा

सं0 155 /ढ़ोली प्रक्षेत्र   दिनांक 11/02/2022

निविदा सूचना

निदेशालय बीज एवं प्रक्षेत्र, ढ़ोली के अन्तर्गत ढ़ोली कोठी प्रक्षेत्र में अवस्थित विभिन्न आम एवं लीची के फलों के लिए निविदा विहित प्रपत्र पर दिनांक 28.02.2022 के 5.00 बजे अपराह्न तक निबंधित डाक द्वारा प्राप्त किया जायेगा। प्राप्त निविदा दिनांक 01.03.2022 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में समिति के सदस्यों के समक्ष निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र, ढ़ोली के कार्यालय में खुलेगी।

निविदादाताओं को आम एवं लीची बगानों (उधान सेक्टर एवं प्रक्षेत्र के बगान) के फलों के लिए अलग–अलग 15000/– (पन्द्रह हजार रूपया) मात्र का बैंक ड्राफ्ट निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र, ढ़ोली, मुजफ्फरपुर – 843121 (बिहार) के नाम से जमानत राशि के रूप में निविदा विपत्र के साथ जमा करना होगा, जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ढ़ोली में देय होगा। निविदा स्वीकृति के उपरान्त निविदा का सम्पूर्ण राशि 36 घंटे के अन्दर जमा करना होगा, अन्यथा जमानत की राशि जप्त कर ली जायेगी।

सफल निविदादाताओं को छोड़ कर शेष निविदादाताओं को निविदा समाप्ति के तुरंत बाद बैंक ड्राफ्ट वापस कर दिया जायेगा।

समिति को किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस (15.02.2022 से 26.02.2022) तक प्राप्त किया जा सकता है। इसकी सूची प्रक्षेत्र सूचनापट पर प्रर्दशित की गयी है, साथ ही एक प्रति कार्यालय में उपलब्ध रहेगी।

पूर्णरूप से भरी हुई निविदा विपत्र जमानत की राशि के बैंक ड्राफ्ट के साथ मुहरबन्द लिफाफा में भरकर निबंधित डाक द्वारा निदेशक बीज एवं प्रक्षेत्र, ढ़ोली के नाम दिनांक 28.02.2022 के अपराह्न 5:00 बजे तक निश्चित रूप से पहुँच जाना चाहिए। अंतिम तिथि के बाद निविदा पत्र को स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

11.2.22

उप निदेशक

ढ़ोली कोठी प्रक्षेत्र

11.2.22